Rajkiya Engineering College, Kannauj
राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, कन्नौज
Aher, Tirwa Road, Kannauj, Uttar Pradesh
An AICTE approved Government Engineering College Vide Letter Approval No F.No. Northern/2018/1-3725944831
Dated 30-April-2018, affiliated to Dr. APJ AKTU, Lucknow

प्रेस विज्ञप्ति

राजकीय इंजीनियरिंग कालेज कन्नौज के इलेक्ट्रीकल इंजीनियरिंग विभाग के प्रो0 कमलेश कुमार भारती को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग (CST) लखनऊ, उ0प्र0 सरकार द्वारा पर्यावरण के अनुकूलन हेतु सोलर पैनल को नवीनतम तकनीकी के द्वारा विकसित कर अत्यधिक विद्युत ऊर्जा उत्पादन हेतु के शोध कार्य के लिए मिला 16,08000.00 लाख का अनुदान।

दिनांक 1 अगस्त, 2024 को राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, कन्नौज के इलेक्ट्रीकल इंजीनियरिंग विभाग के प्रो0 कमलेश कुमार भारती को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, (CST) लखनऊ उ0प्र0 सरकार द्वारा उनके शोध प्रोजेक्ट (Advancing Sustainability with Investigating Environmentally Friendly Perovskite Solar Cells with Non&ToÛic Charge Transport Layers) का चयन किया गया है। प्रो0 कमलेश भारती के शोध प्रोजेक्ट के कार्य का चयन विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, लखनऊ द्वारा किया गया। उनके शोध प्रोजेक्ट हेतु वित्तीय सहायता धनराशि रू0 16,08000.00 (रू0 सोलह लाख आठ हजार मात्र) का अनुदान भी विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, लखनऊ उ0प्र0 सरकार द्वारा शोध प्रोजेक्ट कार्य के दौरान प्रदान किया जायेगा। इस शोध प्रोजेक्ट के बारे में प्रो0 कमलेश भारती ने बताया कि भविष्य में पर्यावरण के अनुकूलन हेतु सोलर पैनल को नवीनतम तकनीकी के द्वारा विकसित कर अधिकतम विद्युत ऊर्जा को उत्पादित करने में सक्षम होगा, और साथ में सोलर पैनल को तकनीकी के माध्यम से डिजाइन कर न्यूनतम मूल्य में उपलब्ध कराया जाना भी सम्भव हो सकेगा। जिससे कि समाज के छोटे से छोटे वर्ग को सोलर पैनल के माध्यम से विद्युत ऊर्जा का लाभ आसानी से उपलब्ध कराया जा सके। प्रो0 कमलेश कुमार भारती एवं उनकी टीम में प्रो0 शिल्पी यादव, प्रो0 विजय प्रताप सिंह (राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, सोनभद्र), प्रो0 राजेश गंगवार (SRMS इंजीनियरिंग कालेज, बरेली) साथ में मिलकर इस शोध प्रोजेक्ट को सफलता पूर्वक तीन वर्ष में पूर्ण करने का कार्य करेगे। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, लखनऊ द्वारा प्रो0 कमलेश कुमार भारती के शोध प्रोजेक्ट को चयनित किये जाने पर संस्थान के निदेशक प्रो0 रचना अस्थाना, कुलसचिव डॉ0 बी0डी0के0 पात्रों, इलेक्ट्रीकल इंजीनियरिंग विभाग के प्रो0 संतोष त्रिपाठी, डा0 विजय तिवारी, डा0 रवीश सिंह राजपूत,एवम मीडिया प्रभारी मुकुल सक्सेना तथा संस्थान के समस्त प्राध्यापकों द्वारा सराहाना एवं धन्यवाद प्रदान किया गया।

(मीडिया प्रभारी)
राजकीय इंजीनियरिंग कालेज,
कन्नौज